18/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर इनोवेशन को अपनाया है और प्रगति के लिए नए रास्ते बनाए हैं, जो इसकी पहचान बन गए हैं। नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि भारत एक नई यात्रा पर निकल पड़ा है और इसका लक्ष्य है - एक 'विकसित भारत' का निर्माण करना। अपनी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 1.5 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकास, शांति, समृद्धि और लोकतंत्र का प्रतीक बनकर दुनिया के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरा है।

00000000000000000

हाल ही में लॉन्च किए गए आयुष्मान वय वंदना कार्ड ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को नामांकित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अक्टूबर को लॉन्च किए जाने के तीन सप्ताह के भीतर हासिल की गई। यह कार्ड बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

0000000000000000000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 की एक परिवर्तनकारी पुनर्कल्पना की घोषणा की है। मंत्री ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करते हुए, पुनर्कल्पित महोत्सव को "विकसित भारत युवा नेता संवाद" कहा जाएगा। यह गतिशील मंच युवा भारतीयों को विकसित भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में अपने विचारों और दृष्टिकोणों का योगदान करने के लिए सशक्त करेगा।

0000000000000000000000

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमूबेन जयंतीभाई बंभानिया लोअर दिबांग वैली जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंत्री ने कल दामबुक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और दिबांग बहुउद्देश्यीय जल विद्युत परियोजना स्थल का दौरा किया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से बातचीत कर समस्याओं और शिकायतों को सुना और उन्हें अपने समुदायों को बेहतर बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने रोइंग में एफसीआई, गोदाम, जिया में 3एफ ऑयल पाम फैक्ट्री, खिंजिली में आरआईवॉच संग्रहालय का भी निरीक्षण किया और रोइंग में अहितो उत्पादक समूह के साथ बातचीत की। एक समीक्षा बैठक के दौरान, बंभानिया ने सभी को 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श को आगे बढ़ाते हुए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक, शि योमी जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं, उन्होंने कल वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास मोनिगोंग में एक सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा और हितधारकों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बलों और नागरिक प्रशासन दोनों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक महत्व की है। उन्होंने सुरक्षा बलों से सतर्क रहने और सीमा क्षेत्रों की सुरक्षा में भारतीय सशस्त्र बलों की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने का आग्रह किया। राज्यपाल ने प्रभावी सीमा प्रबंधन और आधुनिक सुरक्षा रणनीतियों के बारे में जानकारी साझा की। 56 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आकाश जौहर ने राज्यपाल को एलएसी पर सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।

0000000000000000000000

कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कृषि पद्धतियों में सुधार लाने तथा किसानों को स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन विभागों की गतिविधियाँ आम लोगों से सीधे जुड़ी हुई हैं। रोइंग में कल समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने अधिकारियों से कृषि क्षेत्रों में युवाओं के लिए अवसर पैदा करने तथा किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने आज वेस्ट कामेंग जिले में न्युकमादुंग युद्ध स्मारक पर न्युकमादुंग की ऐतिहासिक लड़ाई की 62वीं वर्षगांठ मनाई। इस स्मारक पर ब्रिगेडियर होशियार सिंह के नेतृत्व में 62 इन्फैंट्री ब्रिगेड की अदम्य बहादुरी को याद किया गया, जिन्होंने 18 नवंबर 1962 को चीनी सेना के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि समारोह से हुई, जिसमें गणमान्य व्यक्ति, पूर्व सैनिक, सैनिक और शहीदों के परिवार के लोग शामिल हुए। इसके बाद देशभक्ति गीत, पारंपरिक नृत्य और अन्य सहित जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

0000000000000000000000

सियांग जिले के गिनजिंग तारी ने कल तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में युवा लड़कों की श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह उल्लेखनीय उपलब्धि पहली बार अरुणाचल के किसी एथलीट ने राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलिंग में स्वर्ण पदक जीता है।

0000000000000000

रामकृष्ण मिशन, आलो द्वारा कल यिगी कौम और लिपु बागरा गांवों में शीतकालीन राहत शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान 19 रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। गांव के 151 लाभार्थियों को मुफ्त दवाइयां, ब्लड शुगर जांच और कंबल वितरित किए गए।

0000000000000000